हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

14 जनवरी 2025, समय 1810

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय मौसम विभाग के 150 वें स्थापना दिवस पर "मिशन मौसम" का शुभारंभ किया।

- प्रयागराज के महाकुंभ में करोड़ों साधु संतों और श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। अंबाला रेलवेमण्डल से महाकुंभ के लिए विशेष रेलगाड़ियां चलेंगी।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर पूर्व सैनिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।
- चंडीगढ़ में वीरता पुरस्कार से सुसज्जित पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया।

- चंडीगढ़ परिवहन उपक्रम (CTU ) के बेड़े में 60 नई बसें शामिल की गईं।

- चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने कहा है कि जल्द ही PM ई - बस योजना के तहत 100 और इलेक्ट्रिक बसें चलाई जायेंगी।

**************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में भारतीय मौसम विभाग के 150 वें स्थापना दिवस पर मिशन मौसम का शुभारंभ किया। मिशन मौसम का उद्देश्य अत्याधुनिक मौसम निगरानी तकनीक और प्रणाली विकसित करना है।

प्रधानमंत्री ने मौसम विभाग की 150 वर्ष की यात्रा की प्रशंसा की।

भारतीय मौसम विभाग विज़न-2047 दस्तावेज़ में मौसम पूर्वानुमान, मौसम प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने की योजनाएं शामिल हैं।

..........................................................................................

प्रयागराज के महाकुंभ में मकर संक्रांति अमृत स्नान के दौरान आज दोपहर 12 बजे तक एक करोड़ 60 लाख से ज़्यादा लोगों ने त्रिवेणी संगम पर आस्था की डुबकी लगाई।

पवित्र स्नान के बाद साधु संतों और श्रद्धालुओं ने घाटों पर पूजा-अर्चना और अनुष्ठान किए।

सुबह बड़ी संख्या में लोगों ने गंगा आरती में भी हिस्सा लिया। महाकुंभ की झलकियां साझा करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि महाकुंभ भक्ति और आध्यात्मिकता का सच्चा प्रतिबिंब है।

..........................................................................................

अंबाला रेलवे मंडल महाकुंभ के लिए विशेष रेलगाड़ियां चलाएगा। अंबाला मंडल के रेल प्रबंधक विनोद भाटिया ने बताया - उन्होंने बताया कि इन गाड़ियों के लिए टिकट बुक की जा रही है।

*******************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर पूर्व सैनिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने उन शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे भूतपूर्व सैनिक नायक हैं और देशभक्ति के चिरस्थायी प्रतीक हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि हमारी सरकार ने हमेशा भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए काम किया है, जो भविष्य में भीजारी रहेगी।

*******************************************************

सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस पर आज चंडीगढ़ में पूर्व सैनिकों के बलिदान को याद किया गया। केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा आयोजित इस समारोह में चंडीगढ़ के मुख्य सचिव राजीव वर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और चंडीगढ़ के वीरता पुरस्कार से सुसज्जित पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया। जिला सैनिक बोर्ड के अध्यक्ष उपायुक्त निशांत कुमार यादव, सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर बी. एस. िल्लों भी इस अवसर पर मौजूद रहे।मुख्य सचिव राजीव वर्मा ने पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को संबोधित करते हुए उनके स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और राष्ट्र निर्माण के लिए युवा पीढ़ी के लिए आदर्श बने रहने पर बल दिया।उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ प्रशासन पूर्व सैनिकों की सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रशासन द्वारा सभी पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके परिवारों के कल्याण को उच्च प्राथमिकता दी जाएगी।चंडीगढ़ के उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कहा कि राष्ट्र , देश के लिए बलिदान देने वाले सैनिकों और उनके परिवारों का सदैव ऋणी रहेगा।

**************************************************

आज सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस पर सेवानिवृत्त जनरल डीपी वत्स ने भिवानी में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि 25 से 70 प्रतिशत तक अग्निवीरों को सेना में ही रखने की व्यवस्था का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने कहा कि जो भी अग्निवीर 2026 में सेना से बाहर आएंगे, उनके लिए केंद्र व राज्य सरकार ने रोजगार की समुचित व्यवस्था कर रखी है।

........................................................................................

आज चंडीगढ़ परिवहन उपक्रम,सी टी यू के बेड़े में 60 नई इलेक्ट्रिक बसें शामिल की गई। पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने इन बसों को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि यह चंडीगढ़ के सार्वजनिक परिवहन को और अधिक सशक्त और आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

राज्यपाल ने बताया कि सी टी यू ने पर्यावरण के अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने के लिए बड़ी पहल की है। उन्होंने बताया कि पहले बेड़े में शामिल की गई 80 इलेक्ट्रिक बसों से 29 लाख 81 हजार लीटर डीजल की बचत हुई है और कार्बन उत्सर्जन 7 हजार 872 मीट्रिक टन कम हुआ है। उन्होंने कहा कि जल्द ही बेड़े में पीएम ई-बस योजना के तहत, 100 और इलेक्ट्रिक बसों को शामिल किया जाएगा।बेड़े में शामिल की गई 60 बसें आधुनिक सुविधाओं से युक्त हैं। इनमें इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम, स्मार्ट कार्ड सुविधा और ट्राई-सिटी मोबाइल ऐप जैसी तकनीकें शामिल हैं। ये यात्रियों को बस की लाइव लोकेशन, समय और किराए की जानकारी प्रदान करेंगी।

**************************************************

राष्ट्रीय सेवा योजना, एन.एस.एस के सात दिवसीय राज्य स्तरीय शिविर का आयोजन पंचकूला के सेक्टर 20 स्थित राजकीय संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में किया गया है। शिविर कल सम्पन्न होगा।

---------